राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 480

16 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्रों में दुर्घटनाएं

480. डॉ. अमर पटनायक:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों में इस्पात संयंत्रों में हुई कुल खतरनाक घटनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत दो वर्षों में इस्पात उद्योग में कार्यरत कुल कितने श्रमिकों की मृत्यु हुई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): देश में केन्द्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के दो इस्पात विनिर्माण उद्यम हैं, नामतः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)। सेल तथा आरआईएनएल के इस्पात संयंत्रों में विगत दो वर्षों में संकटपूर्ण घटनाओं और मौतों का ब्यौरा नीचे विवरण में इंगित किया गया है:

क्र.सं.	**सीपीएसई का नाम**	**वित्त वर्ष 2018-19**		**वित्त वर्ष 2019-20**	
		संकटपूर्ण घटनाओं की संख्या*	**मौतों की संख्या**	**संकटपूर्ण घटनाओं की संख्या***	**मौतों की संख्या**
1	**सेल**	24	21	20	8
2	**आरआईएनएल**	8	1	9	3

* संकटपूर्ण घटनाओं में कारखाना अधिनियम, 1948 के तहत संबंधित सांविधिक प्राधिकारी को सूचित घातक, प्रतिवेदनीय दुर्घटनाएं तथा खतरनाक घटनाएं शामिल हैं।

****